MASA-08

June - Examination 2026
M.A. (Final) Examination
SANSKRIT
आधुनिक संस्कृत साहित्य का इतिहास
Paper : MASA-08

[*Time: **3** Hours*] [*Maximum Marks: **80***]

निर्देश :– यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–'अ' **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

1. (i) 'वाल्मीकिचरितम्' महाकाव्य के प्रणेता का नामोल्लेख कीजिए।

(ii) 'कनकलोचनम्' कथा संग्रह के रचनाकार का नामोल्लेख कीजिए।

(iii) 'भाति में भारतम्' के रचयिता कौन हैं?

(iv) पं श्रीरामदवे के महाकाव्यों के नामोल्लेख कीजिए।

(v) 'मधुच्छन्दा' किसकी रचना है?

(vi) 'पद्मिनी' उपन्यास के प्रणेता का नामोल्लेख कीजिए।

(vii) 'गीता विज्ञान भास्यम्' किसकी रचना है?

(viii) अभिराज राजेन्द्र मिश्र प्रणीत प्रमुख गीतिकाव्यों का नामोल्लेख कीजिए।

खण्ड–'ब' 4×8=32

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **8** अंक का है।

2. 'भाति में भारतम्' और इसके रचनाकार पर प्रकाश डालिए।

3. ''विवेकानन्दविजयम्'' नाटक एवं इसके रचनाकार पर प्रकाश डालिए।

4. 'प्रतिवेशिनी' एवं इसके प्रणेता पर प्रकाश डालिए।

5. 'गीतधीवरम्' पर एक लेख लिखिए।

6. पण्डित गिरिधर शर्मा एवं उनकी कृतियों का सामान्य परिचय लिखिए।

7. ''महाकविर्माघः'' इस रेडियो रूपक के बारे में लिखिए।

8. 'संस्कृतकथाकुञ्जम्' और इसके प्रणेता पर प्रकाश डालिए।

9. 'चन्द्रमहीपतिः' पर एक लेख लिखिए।

खण्ड–'स' 2×16=32

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :– **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने प्रत्येक उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है।

10. राजस्थान का आधुनिक संस्कृत रूपक साहित्य में योगदान पर एक लेख लिखिए।

11. राधावल्लभ त्रिपाठी का गीतिकाव्य परम्परा में योगदान पर एक निबन्ध लिखिए।

12. महिला कवयित्री डॉ. पुष्पा दीक्षित का आधुनिक संस्कृत साहित्य में योगदान पर एक लेख लिखिए।

13. आधुनिक संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में जैनमुनियों की भूमिका पर प्रकाश डालिए।
